The art of healing is, therefore, a dimension of secret. The system of medicine referred to as Sowa-Rigpa is practised in many countries today. The four medical tantras, which were originally in Sanskrit text, were unanimously considered to be the basic word of Sowa-Rigpa. It is based on the great principles of Buddhism and provides a comprehensive way of understanding the universe, men and his sickness. Buddhism itself is at the heart of Bhutanese and Tibetan medical traditions. Chakpuri Medical School became a famous centre of healing at Lhasa. Sowa-Rigpa is one of the oldest surviving Indian systems of medicine in the world. It is most popular in the Sub-Himalayan territories. It is an ancient and traditional healing system. It is set to become the seventh system of medicine to be recognized by the Ministry of Health and Family Welfare. It is now bestowed with legal status. This recognition given to Sowa-Rigpa would help to start a mechanism to regulate the education in the Himalayan region. It is a welcome step. I can say that better late than never.

MR. CHAIRMAN : The Minister is going to reply. Please conclude now.

DR. RATNA DE : Sir, I am concluding.

Sir, Sowa-Rigpa has, so far, been neglected in the medical system though it is not only practised in Sub-Himalayan territories but it is also a popular medicine adopted by everyone. I firmly believe that Sowa-Rigpa would become more popular among the poor and downtrodden as it would be affordable. I hope the Government would make efforts to dispense Sowa-Rigpa at cheap rates so that its benefits would reach large sections of the society in India.

With the passage of this Bill, the mankind in general will have another choice for the treatment of their ailments. Western medicine commonly known as Allopathic medicine is becoming more and more costly.

MR. CHAIRMAN : It is all known, Madam. Please conclude now.

DR. RATNA DE : Day by day, these allopathic medicines are becoming costlier. Poor people will get a chance to use these traditional medicines. In such a disturbing scenario, Sowa-Rigpa has come as a breath of fresh air. I welcome this Bill and I support this Bill. I request the hon. Minister for allocation and disbursement of sufficient funds for the development and research associated with Sowa-Rigpa.

MR. CHAIRMAN: Nothing more will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

*SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Sowa-Rigpa is a traditional system of medicine practiced in the Himalayan Region namely Sikkim, Arunachal Pradesh, Darjeeling, Ladakh and Lahul & Spiti Areas of Himachal Pradesh.

It is similar to Ayurveda System of medicine.

Through inclusion of Sowa-Rigpa system of medicine in the ACT, legal recognition to this system will be accorded.

This provision will lead to protection of preservation of ancient system of medicine. I welcome it.

At this juncture, I bring to the attention of honourable Health Minister, that is well known, but defying a solution for long I mean quacks and practice by unqualified persons.

This problem persists across the country and the gullible public falling a prey to quacks is not uncommon.

It is the obligation of the States and Centre to protect the Public health of the citizens and regulate medical practitioners under article 74 read with entry 6 & 26 of State list/ Concurrent list respectively of the 7th schedule of the constitution.

The innumerable of complaints received from the well informed public about the harm being done by the quacks on the general health of the patients needs to be looked into.

I feel it is high time the Centre/ State Governments take suitable steps to curb the menace.

Stringent Punishment to those practicing medicine/ and all those for making tall spurious claims of curing incurable diseases through false advertisements etc. should be awarded.

Suitable legislation must be brought in.

---

* Speech was laid on the Table

I am sure the traditional system of medicine including Sowa-Rigpa having greater patronage from the public will be suitably regulated by the Centre and Central Council of Indian Medicine will discharge its duties perfectly.

ओश्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): भारत की चिकित्सा परिषद पहले 1933 के भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम के तहत किया गया था। 1934 में स्थापना की परिषद बाद में 1956 की भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम के तहत पुर्नगठित किया गया था। राष्ट्रपति द्वारा एम.आई.सी. को 13.3.2010 को भंग किया गया था।

मैं भंग के कारणों में पड़ना नहीं चाहती हू, किन्तु सरकार से अनुरोध करती हू कि एम.आई.सी. का स्वतंत्र अस्तित्व बरकरार रहने दें एवम् उसे ज्यादा ताकतवर बनाए जिसके चलते मेडिकन व्यवसायी बनते-पनपते हैं-जो शहरी एवं ग्राम्य विस्तारों में सेवा प्रदान करते हैं बल्कि विदेशों में उसके द्वारा किए गये कार्यों से देश का मान-सम्मान, इज्जत बढ़ रही है। मेडिकल कौन्सिल को 1956 के कायदेनुसार कार्य करने दें एवम् उसका बंधारण 1956 के कानूनों मुजब हो। नयी बनाई गई एम.आई.सी. की टीम जो एम.आई.सी. का दायित्व संभाल रही है वह न्यायपूर्ण कार्यभार करें। गैर कॉंग्रेसी सरकारों के कॉलेजों का परमीशन रद न करें। उनके हितों की अनदेखी न करें।

अंत में एम.आई.सी. के पुनर्गठन हेतु शीघ्र ही कार्यवाही करें।

भारत की चिकित्सा परिषद पहले 1933 के भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम के तहत किया गया था। 1934 में स्थापना की परिषद बाद में 1956 की भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम के तहत पुनर्गठित किया गया था।

परिषद कार्य

1.	भारत के चिकित्सा संस्थाओं द्वारा प्रदान योग्यता की पहचान
2.	भारत में विदेशी चिकित्सा अर्हताओं की मान्यता
3.	मेडिकल कॉलेजों (मेडिकल स्कूलों) की पूत्यायन
4.	स्नातक चिकित्सा शिक्षा के लिए एक समान मानकों का रख रखाव
5.	यह चिकित्सा द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेजों में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए एक सांविधिक

	निकाय है)।
6.	मान्यता प्राप्त चिकित्सा योग्यता के साथ डॉक्टरों का पंजीकरण (डॉक्टरों का पंजीकरण और उनकी योग्यता आमतौर पर राज्य द्वारा, चिकित्सा परिषदों द्वारा किया जाता है)।
7.	सभी पंजीकरण डॉक्टरों की एक निर्देशिका रखते हुए भारतीय चिकित्सा रजिस्टर कहा जाता है।

बरखास्तः

राष्ट्रपति द्वारा एम.सी.आई. को 13.3.2010 को भंग किया गया कारण 22.4.2010निम्न लिखित अध्यक्ष केतन देसाई एम.सी.आई. केक सेंट्रल ब्यूरो की जॉच में देसाई और तीन अन्य ने कथित तौर पर रिश्वत स्वीकार करने के लिए पटियाला स्थिति ज्ञानसागर मेडिकल कॉलेज के छात्रों को एक ताजा बैच परमिट के लिए गिरफ्तार किया गया था।

राष्ट्रपति का आदेश संलग्न है।

मैं सरकार से जानना चाहूंगी कि सरकार एम.सी.आई. के पुनर्गठन के लिए क्या करने जा रही है।

*DR. TARUN MANDAL (JAYNAGAR): I like to put a caution before the Health Ministry that to bring forth traditional practices of healing like "amchi" or sowa is good for evaluation, research and application but to put blind faith on a Rigpa system as because it is ancient and used by a substantial section of people is bad. A great leader and revolutionary Mao-Tse-Tung to utilize Chinese traditional and age old medical practices for the people like Acupuncture and Moxibustion said, Weed through the past to bring forth the new, let the ancient serve the present". And on that philosophy evaluating those ancient methods of healing China helped modern medical science with acupuncture Anesthesia and other remedies.

I am not against inclusion of and control of Sowa-Rigpa system by Indian Medicine Central Council but the scientific experiments and research to establish its credentials by evidence may be inadequate before the medical profession and scientific world to accept it.

Reasons should take the position of authority was said by Stuart Mill, a western renaissance, philosopher and no superstition, emotion, belief or faith should prevail to determine truth. India, China, Egypt, Greece and Babylon were great historical centres of development of medicines and healing and today's modern medicine took shape extracting goods from all such past resources co-coordinating and assimilating them on scientific facts and findings. That does not mean modern medicine or modern form of AYUSH have no ills and negative points. Side effects on toxic effects are there. But these have been based on modern Anatomy, Physiology, Bio-chemistry, Pathology, Microbiology, Psychology etc. As far as I know Sowa-Rigpa has not accepted these fundamental facets of knowledge of human body and mind.

If it accepts these like modern form of Ayurveda, Siddha, Unani, Homeopathy had adopted and made scientific their methods of examination and attitude the whole country will accept it beyond sub-himalayan areas. I do not know how only by `Seeing tongue, physicians mainly traditional, detect diseases and treat patients. Let it be based on basic sciences. Let its inclusion in Council initiate evaluation of the system.

*SHRI SANJAY BHOI (BARGARH): I support the Indian Medicine Central Council(Amendment) Bill, 2010. This will not only provide a big solution to cure the fatal ailments but help poor and needy patients to get medicines at a cheaper price. Also the Tibetan system of medicine does not have any side-effects to the human body as many allopathic medicines have. So I congratulate the Hon'ble Minister for Health and family welfare to introduce this bill.

* Speech was laid on the Table

*SHRI S. R. JEYADURAI (THOOTHUKKUDI): Mr. Chairman, Sir, I thank the Chair for giving me an opportunity to participate in this discussion on the Indian Medicine Central Council (Amendment) Bill, 2010, on behalf of DMK.

This Bill, with a limited purpose, seeks to amend the Indian Medicine Central Council Act, 1970, by way of including Sowa-Rigpa, the traditional medicine system practiced in Jammu and Kashmir, Sikkim and the Himalayan region in the Indian medicine system, giving recognition and importance. I appreciate the effort on the part of the United Progressive Alliance Government endeavouring to popularize the Sowa-Rigpa system of medicine popular in the Sub-Himalayan region. This amendment will bring the practitioners of this medicine system to come under the law and carry out their practice independently rendering their medical service to the community. As these medical practitioners would be registered, it will ensure the public to get a devoted service while paving way for taking this medicine system throughout the country.

By this amendment, this medicine system practiced by our ancestors is being protected. This will give rise to manufacture of medicine under this system giving a boost to its sale in the open market in a big way. This will add pep to public health.

Today, more than 50 per cent of those who have crossed the age of 50 are taking some medicine or the other. Now, the world population is moving towards traditional medicine system and herbal medicines. This revisit has been made possible because they become part of our natural daily life without giving rise to side effects and rendering complete cure with a holistic approach.

At this juncture, I would like to put forth certain suggestions. Tamil Nadu ranks ahead of many other States in providing public health facilities with both modern and ancient systems of medicine. The Government there in Tamil Nadu headed by our leader Dr. Kalaignar Karunanidhi promotes healthcare in an efficient manner.

In order to promote Siddha medicine system, tax exemption has been extended to Siddha medicines. Even in Primary Health Centres, the trained and graduate practitioners of Indian systems of medicine, like Siddha, Ayurveda, Yoga, Unani, have been deployed and the Government of Tamil Nadu has ensured the availability of these medicines free of cost.

Siddha medicine system, which is at least 6,000 years old, cures effectively diseases that affect liver, lung, skin, uterus and also the knee-joint problem like arthritis. Three years back, when the Chickungunya viral disease was spreading and causing joint pains, it was found out that Siddha medicines could effectively control it using *nila vembu* and *thirukadugu choornam*.

Hence, I would like to urge upon the Government that there is a need to spread this medicine system to other States also encouraging research and development. In order to help the Government of Tamil Nadu to provide infrastructure facility for Siddha medicine system in all the Government Hospitals and Primary Health Centres, the Centre must allocate more funds.

All our Indian systems of medicine must be taken to all the States and they must be encouraged. In the same way in which Dr. Kalaignar led Government of Tamil Nadu is promoting and extending tax exemption, all other systems of medicine, like Ayurveda, Unani and Sowa-Rigpa along with Siddha must get tax exemption in all the States.

Further research on them must be carried out in identifying the effectiveness of certain medicines on certain diseases and they must get more of Central assistance to be promoted throughout the country.

More of CGHS Dispensaries must be set up with practitioners and medicines in other Indian Systems of Medicine throughout the country.

It must also be ensured that these medicines are available to the needy people easily and at an affordable cost, if not free of cost.

I am putting forth these suggestions and requests while lauding the efforts of the UPA Government to promote traditional systems of medicine.

With this, I conclude.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): महोदय, माननीय मंत्री जी जो अमेंडमेंट बिल लाए हैं,...(व्यवधान) उस पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इसमें एक आयुर्वेद समिति, सिद्ध समिति, सोवा-रिग्पा समिति का गठन होगा। इसमें आपने सिद्ध की बात की है, तो योगा के लिए भी प्रावधान होना चाहिए। यूनानी पद्धति जो बहुत पुराने समय से चल रही है, वह हर जगह, आपके पब्लिक हेल्थ सेन्टर्स में होनी चाहिए। जिला परिषद और नगरपालिका के जो हॉस्पिटल होते हैं, उनमें भी आप यूनानी चिकित्सा शुरू कीजिए। आयुर्वेदिक का भी डाक्टर होना चाहिए, योगा का अभ्यास एमबीबीएस में भी चालू करने का आपका विचार है, उसमें भी आप योगा का मैक्सिमम प्रचार-प्रसार कीजिए। यही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

ओश्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, मैं इंडियन मेडिकल सैंट्रल काउंसिल अमेंडमेंट बिल 2010 में निम्नांकित सुझाव प्रस्तुत करना चाहता हूं।

मैं राजस्थान से आता हूं। राजस्थान में मेडिकल प्लांट बहुत मात्रा में एवं अलग-अलग किस्म के होते हैं, जैसे आकड़ा, तूम्बा, सफेद मूसली आदि इनका शोध भी इस काउंसिल का पार्ट होना चाहिए ताकि राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में उपलब्ध प्राकृतिक मेडिसिन का प्रोपर शोध हो सके।

---

* Speech was laid on the Table

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति महोदय, मंत्री जी ने अच्छा काम किया है कि सोवा-रिग्पा जो देशी चिकित्सा से छूटी हुई थी, अभी तक चूक हुई थी, उसे इस विधेयक में लाकर चूक का सुधार किया गया है। सोवा-रिग्पा भगवान बुद्ध के समय से शुरू हुई थी। जीवक वैद्य थे। राजा बिम्बीसार थे। जीवक वैद्य की ख्याति तक्षशिला से लेकर गया और राजगीर तक फैली हुई थी।

महोदय, अभी तिब्बत में, मंगोलिया में, भूटान में, जापान में, नेपाल में और अन्य देशों में सोवा-रिग्पा पद्धति प्रचलित है। हमारे देश में जम्मू-कश्मीर में, खासकर लद्दाख में जो लेह इलाका है, उत्तराखंड में, हिमाचल प्रदेश में, अरुणाचल प्रदेश में, सिक्किम में सभी में सोवा-रिग्पी पद्धति गांवों के लोग अपनाते हैं और साधारण रोगों से मुक्ति पाते हैं। इसलिए सोवा-रिग्पा को भी जो जोड़ा है, वह अच्छा काम किया है।

भगवान बुद्ध के समय में इस बारे में एक ग्रंथ है और बुद्ध के समय में ही यह शुरू हुई थी। जैसे देशी चिकित्सा में आयुर्वेद है, ब्रह्मा जी से शुरू होकर, अश्विनी कुमार, धन्वंतरि सुश्रैन वैद्य से होकर यहां बाणभट्ट चरक संहिता आदि में इसका उल्लेख होता है। देश के ज्यादा हिस्सों में यजुर्वेद का जो उपवेद आयुर्वेद है, उसमें इसका

जिक्र है और तब से इसका चलन है। वायु, पित्त, कफ इन तीन दोषों के चलते बीमारी होती है। चरक क्वचन है कि - सर्वेसाम रोगानाम, निदानम कुपितामला। इसका अर्थ है कि अगर शरीर में जब मल विसर्जन ठीक से नहीं होगा, तो बीमारी होगी। यह मूल सिद्धांत है चरक विद्या का। उसी तरह से दक्षिण में तमिलनाडु में सिद्धा है। केरल में अगस्त्य ऋषि से उसकी शुरूआत होती है, वह भी आयुर्वेद से मिलती-जुलती पद्धति है। उसमें भी जड़ी-बूटी द्वारा दवा बनती है। इस मामले में चीन हमसे ज्यादा एक्सपोर्ट कर रहा है।

मेरा मंत्री जी से आग्रह है कि राज्यों में जहां-जहां सम्भावना है, वहां आयुर्वेद युनिवर्सिटी होनी चाहिए। इसी तरह से सिद्धा की भी युनिवर्सिटी हो और सोवा-रिग्पा की भी होनी चाहिए। जिससे आयुर्वेद में अनुसंधान में और व्यापकता आए। आयुर्वेद में रोग चिकित्सा में प्राकृतिक चिकित्सा का प्रमुख स्थान है। इसका दुनिया ने भी लोहा मान लिया है। अगर देखा जाए तो हमारे यहां मेडिकल साइंस और आयुर्वेद इन दोनों में कोई तालमेल नहीं है। इस वजह से गड़बड़ी होती है। इसलिए इन दोनों में तालमेल होना चाहिए और दोनों के विशेषज्ञ एक-दूसरे के क्षेत्र में अनुसंधान करें। आयुर्वेद में, देशी चिकित्सा में और सोवा-रिग्पा में यही कमी रह गई थी कि इनमें अनुसंधान नहीं हुआ। इसलिए मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि जिस उत्साह से उन्होंने यह बिल पेश किया है, उसी उत्साह से इन चिकित्सा पद्धतियों पर अनुसंधान पर जोर देना चाहिए।

अंत में मैं एक बात और कहना चाहूंगा। जो अंग्रेजी दवाएं होती हैं, उनमें एक्सपायरी डेट होती है, लेकिन आयुर्वेद में जितनी दवाएं हैं, जैसे द्राक्षासव, अर्जुनारिष्ट आदि दवाएं हैं, ये जितनी पुरानी होंगी, तो उनमें ज्यादा गुणवत्ता आती है। इसी फार्मूला को उसमें भी लागू किया जाए, क्योंकि द्राक्षासव जितना पुराना होता है, उतना ही फायदेमंद होता है। इसलिए इस पर भी ध्यान देना चाहिए।

*SHRI AMARNATH PRADHAN (SAMBALPUR): I support this Bill. This system of medicine has come from Buddhist "Ashtangayoga". Particularly Tibetian and Himalayan region people use these medicines and are cured from various ailments. Juse is equally important. Hence in this juncture I support this Bill.

*SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT) : I rise to support the Indian Medicine Central Council (Amendment) Bill, 2010.

Since bygone era, different kinds of medical treatments are in vogue in our country. The Government gave sanction to Ayurveda, Siddha, Unani and other methods in the Indian Medicine Central Council Act 1970. The doctors treating and healing patients with these methods were given recognition and they were given the rights to treat patients.

Besides in the Sub-Himalayan region and Ladakh ancient healing procedures are used which are called Sowarigpa. The doctors using such methods are known as Aamchi.

Through this Amendment Bill, 2010, these doctors will get legal recognition and registration. They will also be given grants by the Government. The ordinary people of the country will receive Government – aided treatment. Government

dispensaries will be opened and the license of drug manufacturing will also be given. The Aamchi doctors will be able to heal the common people.

In the Central Council that is to be set up, the following branches will be there –

A Committee for Ayurveda

A Committee for Siddha

A Committee for Unani

A Committee for Sowarigpa

I think the Government should promote research in these ancient Indian medical treatments. From various herbs, in early days, medicines were prepared. So more modern research is required today.

Thus I urge upon the Government to take steps to give a boost to the Indian medical system. Thank you.

*SHRI NILESH NARAYAN RANE (RATNAGIRI-SINDHUDURG): I support this Bill 'The Indian Medicine Central Council (Amendment) Bill, 2010. The Tibetian System of medicine which is used in Himalayan and Tibetan region to cure many ailment. This system of medicine has become very popular and useful than allopathic medicines. Moreover it does not have any side-effects and the price or cost of these medicines are in the reach of common man. Hence I give my heartfelt congratulations to introduce this bill.

श्री पुलीन बिहारी बासके (झाड़ग्राम): सभापति महोदय, इस बिल के द्वारा यूनानी और सोवा-रिग्पा पद्धति को नियमित किया जा रहा है। मैं इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इससे पहले इसी सदन में मेडिकल कौंसिल आफ इंडिया सम्बन्धी बिल जब पारित हुआ था, तो वह ठीक नहीं हुआ था, क्योंकि वह बिल बिना चर्चा के पारित हुआ था।

क्योंकि चर्चा का समय नहीं था। इसलिए मेरे दो-तीन सुझाव हैं। Quality and standardization of medicine should be done. Composition of the medicine shall be indicated in the label.

Secondly, there should be scientific evaluation rather than relying on anecdotes. Basic science of modern medicine should be incorporated in the syllabus.

Thirdly, there should be financial help and scholarship for the poorer sections of the people to study this system of medicine. Otherwise, instead of being beneficial it would be dangerous for the people. मेरा आग्रह है कि मेरे इन पाइंट्स पर माननीय मंत्री जी ध्यान दें।

*SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Inspite of the spectacular advances made by the system of modern/allopathic medicines, the alternative or traditional systems of medicine currently serve the health care needs of a large population in the world.

In India, this indigenous medicinal system comprises of different components, namely, Ayurveda, Yoga and Naturopathy, Unani and Sidha systems. These ancient systems of medicine which are a treasure house of knowledge for both preventive and curative healthy care are embedded in Indian culture well before the advent of Allopathic system of medicines and have continued to be an integral and significant part of our society. They are officially recognized, codified and well documented. However, its growth and development has not been an encouraging as it should be. Various problems and constraints are affecting the growth of Indian systems of medicines – neglect of Government, abuse of system by unscrupulous practitioners, ad-hoc growth, poor resources and allocation and neglect of basic research.

What is the total percentage of Health Budget of the Government and what is the percentage of AYUSH in the Health Budget? The Budget allocation in China in proportion to their population is much more. When China is exporting hugely, why can we not do it? What steps are we taking?

The Indian Medicine Central Council Act, 1970 provides for constitution of a Central Council of Indian Medicine for regulating of educational standards of Ayurveda, Siddha and Unani systems of medicine and the maintenance of Register containing

names of approved Medical Practitioners of the Central Council of Indian Medicines.

We are told that the government in May has decided to set up a Pharmacopoeia commission at a cost of Rs.14 crore for developing indigenous medicines with the aim of raising the country's share in the $ 62 billion global herbal drug market. Of this, China's share was $ 19 billion and India has a meager share of $ 1 billion in global trade. There are 1,000 kinds of drugs and an equal number of compound formulations. When cost of modern health care drugs is increasing and demand for herbal medicines is also increasing, I would urge the Government to set standards for drugs in the Ayurveda, Siddha, Unani medical systems. This Commission should develop standards and quality specifications of identity and strength of raw materials as well. There is need to maintain a national depository that would provide authentic reference of the raw materials.

The Pharmacopoeia Commission should ensure quality, safety and efficacy of the drugs available in the public. This may help in undertaking collaborative research and standardization work with reputed Government and private universities and research organization like Council of Scientific and Industrikal Research, Indian Council of Medical Research, Indian Council of Agricultural Research at national level and World Health Organisation, Food and Agricultural Organisation and US Food and drug Administration, etc. at international level.

This Bill is specifically brought to this House to include Sowa Rigpa within the ambit of the Indian Medical system. It is practiced in the sub-Himalayan region along with Tibet, Mongolia, Japan and some other countries. This Bill seeks to include registered practitioners of Sow-Rigpa in the Indian Medical Council. Large number of Indian herbs and plants are used in various traditional systems. I would like to know what steps the Government is taking to reach out to inaccessible areas and places where tribals live in, to identify their system of medicine and practitioners? Are you going to take steps to protect and preserve this ancient system of medicine?

Before concluding, I would say the Government does not have a perspective plan for the growth and development, popularization and expansion of Ayurveda, Unani and other Indian medicines outreach. There is a need to formulate a perspective plan, a roadmap for the next 20 years. Adequate infrastructure facilities should be set up in our country in a time-bound manner.

*__श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर):__ महोदय, सरकार ने सदन में लाये भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा परिषद 2010 के द्वारा युनानी और सोपा दिग्वा उपचार पद्धतियों को रिकग्नाईज करने के लिए विधेयक लाया, मैं इसका समर्थन करता हूं। भारत में प्राचीन काल से पारंपरिक पद्धति से उपचार किया जा रहा है। लेकिन भारत के परमैत्रता के कारण हमारी उपचार पद्धति धीरे-धीरे समाप्त हो गई। इसलिए आज ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अकाल दिखाई दे रहा है। एलोपैथिक उपचार पद्धति बहुत मंहगी है। इसके सतत मंहगे होने के कारण आम आदमी को भी यह आज आसान नहीं रही है। स्वास्थ्य सुविधा के अभाव के कारण हमारे जनजातिय क्षेत्र में कुपोषण लगातार बढ़ रहा है। कुपोषण के कारण हमारी भावी पीढ़ी अगर कमजोर पैदा हो रही है तो हम कैसे प्रगति का दावा कर सकते हैं।

आदिवासी क्षेत्र में उनके अज्ञान का फायदा लेकर झोला छाप डॉक्टर एलोपैथिक के प्रेक्टिस के द्वारा उन्हें ठग रहे हैं। सरकारी स्वास्य सुविधा निचले स्तर पर पहुंचाने में हमारी असफलता को देखते हमें एलोपैथिक पद्धति पर निर्भरता खत्म कर अब हमारी पारंपरिक उपचार पद्धतियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। मैंने पिछली बार कहा था कि हमारे पारंपरिक औषधी पादपो, वनस्पतियों का विदेशों में पेंटेट किया जा रहा है। सरकार द्वारा की जा रही उपेक्षा का यह परिचायक है। अगर हमने अपने पारंपरिक औषधियों को वैज्ञानिक कसौटी पर परखने के लिए एक तंत्र का निर्माण किया और उसे बढ़ावा दिया तो हमें सस्ते इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकती है। सरकार इस पर विचार करे। सरकार ने आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक औषधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किये हैं। उसी तरह अन्य पारंपरिक उपचार पद्धतियों को भी बढ़ावा दिया जाये। इस श्रेणी में युनानी और सोपा रिग्वा को हम देखते हैं। मैं इतनी बात कह कर अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

*DR. PRABHA KISHOR TAVIAD (DAHOD): The system of medicine is good, when the person who studied the system if he practice that system of medicine.

Pharmacopia:

Medicine we study the structure composition, pharmacological action, side effects, advantages and disadvantages etc.

While treating the patient with kidney and liver disease etc. we have to become more careful in giving this medicine the dosages also we have to be very careful signs of over dosages are also to known to us.

All the systems of medicine are excellent but if the person not studied the system will practice that system is dangerous.

Oxytocin is helpful in delivery of a pt. but the higher dosage can give rise to rupture of uterus and which may kill the mother. In chronic diseases like allergy, asthama, arthritis, skin diseases, homeopathy and ayurveda are having very good effects.

Allovera: It is very helpful in immediate burns. It will help in deep burns also and it will not allow it to have blisters.

Steroid: Sir I wish that sometimes this steroid are used by them without knowing steroid.

When it is to be given, it is given carefully and then it is to be tapered given in reduced doses. Long term steroid is very harmful and the people of other system of medicine are not knowing the danger of long term use and they are using them which should be not allowed at all.

Antibiotics: Sir, I will say that irregular and frequent change of antibiotics which lead to resistance to such antibiotics which should not be allowed.

---

*Speech was laid on the Table

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI GHULAM NABI AZAD): Mr. Chairman, Sir, at the outset I would like to thank and congratulate the hon. Members for the keen interest that they have shown in this legislation.

As I had said in the beginning, this particular ...(*Interruptions*)

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय मंत्री जी, इस विषय पर अगर आप हिंदी में बोलें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

श्री गुलाम नबी आज़ाद: मुझे बहुत खुशी है कि माननीय सदस्यों ने इसमें बहुत रुचि दिखाई है, मैंने शुरु में ही कहा था कि पूरे देश में अभी इस सिस्टम का चलन नहीं है, क्योंकि इससे पहले भी आयुष में, चाहे आयुर्वेद हो, यूनानी हो, सिद्धा हो, होम्योपैथी हो, अगर हम कहें कि पूरे देश में लोग इन्हें इस्तेमाल नहीं करते हैं, तो अलग-अलग जगहों पर और अलग-अलग व्यक्ति इन्हें इस्तेमाल करते हैं। इसी तरह से यह सोवा-रिग्पा भी हमारे देश के कम क्षेत्रों में उपयोग में आता है, जैसे लद्दाख, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में किया जाता है, वैस्ट-बंगाल, दार्जलिंग और कालिमपोंग, हिमाचल में, लाहौलस्पीति में, किन्नौर में किया जाता है। कर्नाटक में हुबली और मैसूर में किया जाता है। बड़े अर्से से इन लोगों की मांग थी क्योंकि आमतौर पर मैसूर और हुबली को आप देखेंगे तो ये सभी क्षेत्र हिमालयन रीज़न में हैं। दूसरे कई कारणों की वजह से, जिन क्षेत्रों में एलोपैथी पहुंच नहीं पाती है तो जिस तरह से केरल में आज आयुर्वेद पूरी दुनिया में मशहूर हो गया है, उसी तरह से सदियों से, इन सब हिमालयन रीज़न में इस दवाई का चलन है और प्रैक्टिशनर्स इसे अमची बोलते हैं। हमारे किसी साथी ने कहा कि इसे वैद्य बोलिये, तो वैद्य क्यों बोलेंगे, जो इस्तेमाल करते हैं वे ही तो नाम रखेंगे, हम इस्तेमाल नहीं करते हैं तो हम अपना नाम क्यों थोपेंगे, यह गलत बात है। जो लोग उसे इस्तेमाल करते हैं और जो नाम हजारों सालों से चलता आया है वही होना चाहिए, हमें दूसरे किसी सिस्टम का नाम इनके सिस्टम में थोपने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। ऐसा करना उचित नहीं रहेगा।

सर, यह एक छोटा सा बिल है, नया बिल है और अभी इसके बारे में हमें जानकारी नहीं है। मैं बधाई देना चाहता हूं हमारे माननीय सदस्य डॉ. राजन सुशांत जी को, जिन्होंने इस पर सबसे पहले बोला, यह कह रहे थे, हमें जानकारी है, मुझे लगता है कि जितनी हमारे मंत्रालय में जानकारी है और मुझे जानकारी है, उससे दस गुना तो आपको जानकारी है और आप यहां बोल चुके हैं। हम उसका जरूर उपयोग करेंगे, जब यह काम आगे बढ़ेगा, आपकी जो इसमें रुचि है और आपने इसमें पूरी रिसर्च की है और कुछ चीजों की हमें भी जानकारी नहीं थी, उनकी हजारों साल पहले आपके लोगों ने खोज की है, उसके लिए मैं आपको हार्दिक बधाई देना चाहता हूं.

16.00 hrs.

आपने अमेंडमेंट्स के बारे में इसका समर्थन किया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं, लेकिन आपने सैक्शन-3 में एक्ट में संशोधन के बारे में चर्चा की है। इस बारे में अभी संशोधन करना सम्भव नहीं है, क्योंकि जैसा मैंने शुरू में कहा कि बहुत लिमिटेड है कि हम पांच बिरादरी में इंडियन सिस्टम आफ सिस्टम में छठा भाई या बहन इसमें जोड़ रहे हैं। इस समय हम जनरल आयुष में अगर कहीं कमियां या कमजोरियां हैं, उनके बारे में न तो चर्चा कर रहे हैं और न ही उनके बारे में हम अमेंडमेंट लाने के बारे में विचार कर सकते हैं। मैं सभी माननीय सदस्यों से, जिन्होंने अमेंडमेंट्स के बारे में या कुछ विचार पूरे आयुष डिपार्टमेंट पूरे इंडियन सिस्टम आफ मेडिसिन्स के बारे में चाहे आयुर्वेदा के बारे में, चाहे यूनानी के बारे में, सिद्ध के बारे में, चाहे होम्योपैथी के बारे में सुझाव दिए हैं, वे अलग से मुझे लिखें। हम उन्हें अलग से कम्पाइल करेंगे। आपके सभी विचारों से हम देख सकते हैं कि कहां-कहां कमी है, तो उसमें अगर बदलाव लाने की जरूरत होगी, तो हम जरूर करेंगे, लेकिन चूंकि आज हम उस बारे में बात नहीं कर रहे हैं, सिर्फ सोवा-रिग्पा के बारे में बात कर रहे हैं, इसलिए मैं आपको पूरी तरह से यकीन नहीं दिला सकता हूं और केवल इतना ही कह सकता हूं कि अगर आप कुछ और कहना चाहते हैं, तो उससे भी हमें अवगत करा सकते हैं।

आपने कहा है कि कालेज की परमिशन समय के अनुसार होनी चाहिए। मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि इस बारे में पूरा प्रोटोकाल बना है। मेडिकल काउंसिल और डेंटल काउंसिल के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बनाया है, लेकिन जो दूसरा इंडियन सिस्टम आफ मेडिसिन्स है, उसके लिए भी हमारी मिनिस्ट्री में पूरा प्रोटोकाल बना है कि कब से इनकी इन्सपेक्शन्स होनी चाहिए और कब तक डेट निर्धारित की जाती हैं, ताकि उसके अंदर ही कालेजिज को अनुमति दी जाए।

महोदय, पी.सी. चाको जी से मैं बहुत सहमत हूं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा काम है और यह बहुत होलिस्टिक अप्रोच है। यह बिलकुल सही है। इंडियन सिस्टम आफ मेडिसिन्स के बारे में केरल के अलावा किसका नाम है। सबसे आयुष तो अगर हम आयुर्वेदा कहेंगे, तो पहले आयुर्वेदा के लिए लोगों को केरल जाना पड़ता था।

आज न सिर्फ हमारे देश में ही, बल्कि विदेशों में भी केरल के आयुर्वेदा का उपयोग हो रहा है। उसके लिए मैं बधाई देता हैं, लेकिन उन्होंने कुछ शंकाएं जाहिर की है कि डिजिटलाइजेशन होना चाहिए। मैं आपको बताना चाहूंगा कि आयुष के बारे में, इंडियन सिस्टम आफ मेडिसिन्स के बारे में डिजिटलाइजेशन का नालेज है और हम इसका भी डिजिटलाइजेशन उनके साथ-साथ करेंगे। इसके साथ चाको जी ने स्टैंडर्ड्स के बारे में कहा। मैं उन्हें यकीन दिलाता हूं कि आयुष के बाकी सिस्टम आफ मेडिसिन्स में सिस्टम्स हैं, उन्हीं की तर्ज पर इसमें भी वही माप-दंड को सिस्टम में लाया जाएगा। इन्होंने कहा कि इसे एनआरएचएम के साथ जोड़ कर दवाइयां मिलनी चाहिए। आपको मालूम है कि जब एनआरएचएम बना था, तब यह भी तय हुआ था कि मेन स्ट्रीमिंग आफ आयुष होनी चाहिए और इसका यही मतलब था कि एलोपेथी और आयुर्वेद की को-लोकेशन होनी चाहिए, इसलिए पिछले तीन-चार वर्षों में जो भी डिस्ट्रिक्ट अस्पताल बन रहे हैं, सब-डिस्ट्रिक्ट अस्पताल बन रहे हैं, प्राइमरी हैल्थ सैंटर्स बन रहे हैं उनमें आयुर्वेदा के लिए, जो डिस्पेंसरीज़ हैं, चाहे यूनानी की है, आयुर्वेदा की हैं, उनकी को-लोकेशन का प्रोवीजन एक ही छत के नीचे रखा है। इससे पहले वे कहीं किराये पर थे, कहीं पहाड़ों पर जहां लोग नहीं पहुंच सकते थे, वहां थे। चूंकि इनका सब-डिस्ट्रिक्ट, डिस्ट्रिक्ट और प्राइमरी हैल्थ सैंटर का चयन बहुत सैंट्रली लोकेटिड जगह पर होता है, इसीलिए उसकी को-लोकेशन और मेन स्ट्रीमिंग की जा रही है।

मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि हमारी तरफ से पूरी कोशिश है कि जहां जहां भी जिले से निचले स्तर तक खासकर प्राइमरी हैल्थ सेंटर तक जहां जहां भी एलोपैथिक दवाइयां मिले, वहां आयुर्वेदिक दवाइयां भी मिलें। जिन राज्यों में नहीं बल्कि जिन इलाकों में मैं कहूंगा क्योंकि पूरे राज्य में तो सोवा-रिग्पा नहीं है क्योंकि जब यह सोवा-रिग्पा का सिस्टम आएगा, हम कोशिश करेंगे कि जिन क्षेत्रों में, जिन इलाकों में, सोवा-रिग्पा का चलन है, उसको भी हम मेनस्ट्रीमिंग करके उन इलाकों में पीएचसीज, सीएचसीज और डिस्ट्रिक्ट हैड हॉस्पिटल्स में उपलब्ध कराएंगे।

फार्माकोपिया के बारे में यहां चर्चा नहीं की गई लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि फार्माकोपिया कमीशन के बारे में आयुर्वेद, यूनानी और सिद्धा सिस्टम के बारे में हम बनाना चाहते हैं क्योंकि वह स्टैंडर्ड उसी में तय हो जाता है। यहां माननीय सदस्यगणों ने इसी के बारे में चर्चा की कि यह जरूरी नहीं है और इधर से हमारे किसी साथी ने जिक्र किया कि यह जरूरी नहीं है कि आपने दवाई बनाई फिर 10 साल, 20 साल वह सूखी है, सड़ी है तो यह खाली एलोपैथिक में नहीं देखना चाहिए, आयुर्वेदिक में भी देखना चाहिए। जब हमारा फार्माकोपिया कमीशन बनेगा और इसके बारे में सिस्टम बनेगा, स्टैंडर्ड्स बनेंगे, उसमें यह सोवा-रिग्पा भी लाया जाएगा।

क्वॉलिटी के बारे में यहां चर्चा की गई। क्वॉलिटी आस्पेक्ट पर हम जरूर ध्यान देंगे क्योंकि हमारे साथियों ने यहां रिसर्च के बारे में बात कही। रिसर्च बहुत जरुरी है। हम एलोपैथिक में अगर देखेंगे तो पाएंगे कि कोई भी नया मोलीक्यूल, कोई भी नयी मेडिसिन शुरु करने से पहले फार्मास्यूटिकल कंपनीज कई कई हजार करोड़ रुपये उस पर खर्च करती हैं। इसीलिए जब शुरु में कोई दवा बाजार में आती है तो वह बहुत महंगी होती है क्योंकि किसी भी नयी टैबलेट को या किसी भी नये कैप्सूल को बनाने के लिए 500 करोड़ रुपये से लेकर 5000 करोड़ रुपये तक खर्चा आ जाता है लेकिन जब वह दवाई पूरे देश में या पूरी दुनिया में फैल जाती है और उसका जब वॉल्यूम बढ़ जाता है तो उसकी कीमत घट जाती है। इस तरह से एलोपैथिक वाले बहुत पैसा खर्च करते हैं लेकिन आयुर्वेद में वह अभी तक नहीं था।

माननीय सदस्य विजय बहादुर सिंह जी को यह जानकर बहुत खुशी होगी कि इस साल से हमने जो रिसर्च का कंपोनेंट है, वह बहुत बढ़ा दिया है। हमारा आयुष का वैसे ही ज्यादा बजट नहीं है। आयुष में पहले 5 थे और अब 6 हो गये हैं। इसलिए हमारा पूरे साल का बहुत छोटा सा बजट 800 करोड़ रुपये है। इसमें डिस्पेंसरीज, अस्पताल, प्लांट प्रोटैक्शन और प्लांट रियरिंग भी है। इसलिए पूरे देश के लिए और सेंटर और राज्य के लिए...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : बजट बढ़वा दीजिए न। 1600 करोड़ रुपये करवा लीजिए।...(व्यवधान)

श्री गुलाम नबी आज़ाद: हमें पूरी उम्मीद है और हमारे वित्त मंत्री जी ने हमें बताया है कि अगले साल बजट बढ़ाएंगे। लेकिन अभी का बजट जो 800 करोड़ रुपये था, इसमें से हमने इस साल रिसर्च के लिए 133 करोड़ रुपये रखे हैं। यह एक बहुत बड़ा जम्प है। यह रिसर्च का काम हमने ऑलरेडी शुरु किया है और जब रिसर्च हो जाएगी तो अपने आप क्वॉलिटी इप्रूव हो जाएगी।

एक्सपायरी के बारे में भी मैं यह कहूंगा कि हमारे ऑलरेडी ड्रग एंड कॉस्मैटिक एक्ट में संशोधन किया गया है और उसमें गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसैज को बड़ी सख्ती से लागू किया जा रहा है। ये तमाम चीजें इसमें भी लागू होंगी चाहे वह लैबलिंग की हो या इंग्रेडिएंट्स की बात हो या एक्सपायरी की बात हो। इसलिए ये कुछ मुद्दे थे जिनके बारे में माननीय सदस्यों ने सदन में चर्चा की। मैं एक बार फिर आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। हालांकि इस एरिया में आम तौर पर एमपीज इसके बारे में नहीं जानते हैं लेकिन पहाड़ों में जो लोग इसका इस्तेमाल करते हैं, उसको मेनस्ट्रीम में लाने के लिए जो आपने सोचा और सभी दलों ने इसमें सहयोग प्रकट किया, मैं उसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं और आपसे यही निवेदन करता हूं कि इसे पास किया जाए। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : First, let him put the question. I will call you next.

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): It was very kind of the Minister to mention about the Pharmacopoeia Commission of Indian Medicine. A decision, as far as I have learnt, has been taken by the Cabinet in May last. Accordingly, around Rs.14 crore to Rs.15 crore has been allocated for this. My point is about the national depository that is to be maintained by the Government. At some level, if the Pharmacopoeia Commission of Indian Medicine comes into force, the depository will also come into force where all the Indian systems of medicine can be registered, including the types of herbs that are being used.

This leads to a very basic question. Today, Ministries of Commerce and Industry can also give the details, around 62 billion US dollars of trade is being conducted in the world. Out of this, China's share is 19 billion US dollars whereas our contribution to the international market is only 1 billion US dollars. We should have this Pharmacopoeia Commission of Indian Medicine as early as possible. I would like to understand from the Minister as to what steps he is going to take specially to frame the rules and to maintain the depository council.

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): माननीय सभापति महोदय, स्वास्थ्य मंत्री जी आपने अच्छा किया है कि बजट कुछ बढ़ाया है लेकिन ज्यादा बजट बढ़ाना चाहिए। हिन्दुस्तान में बहुत जगह है, यूपी में भी बहुत जगह है - आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी तीनों के लिए बहुत जगह है। वैद्य अच्छा काम कर रहे हैं। क्या आप उन्हें विशेष सुविधा देकर पद्धति को आगे बढ़ाने का काम करेंगे? आपको मालूम होगा एलोपेथिक दवा ज्यादा खाने से साइड अफेक्ट्स हुए हैं और तत्काल फायदा पहुंचाने

के लिए एंटीबायोटिक देना भी मजबूरी हो जाती है। लेकिन इससे बहुत लोगों के किडनी और लिवर फेल हुए हैं। आपने अच्छा काम किया है, इसे और आगे बढ़ाइए। जो हिन्दुस्तान में काम कर रहे हैं, उन्हें बढ़ावा दीजिए। मैंने आयुर्वेदिक एलोपेथिक बोर्ड बनाया था और अच्छे डॉक्टरों का बोर्ड बनाकर सुविधा दी थी, मदद की थी। उस वक्त बहुत प्रोत्साहन मिला था और बहुत तेजी के साथ यह पद्धति बढ़ी थी। क्या आप इसे करेंगे? आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी के डॉक्टर अच्छा काम कर रहे हैं, क्या आप उन्हें सुविधा देंगे?

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): The knowledge about these medicines should spread to all parts of the country when an additional system of medicine is included in the Indian system. People from all parts of the country should be benefited by that. For that, we need textbooks in all Indian languages. I would like to know whether the Government proposes to spend some money for preparing textbooks in these systems of medicines in all Indian languages, so that people can read it and use it in all parts of the country.

SHRI GHULAM NABI AZAD: As far as Pharmacopoeia Commission of Indian Medicine is concerned, I have already said that the Government has taken a decision to set up the Commission for Ayurveda, Unani, Siddha and also Sowa Rigpa. Naturally, once the Commission comes into being, the depository will automatically become a part of it.

Insofar as the suggestion given by hon. Member Shri Mulayam Singhji is concerned, it is a very good suggestion. We have already got the Councils. We have elected ones, we have university representatives, we have nominated ones for Ayurveda, Unani, Siddha and so will be for Sowa Rigpa. He has said about the facilities to be given. If such facilities and benefits are given to individuals, then it will be opening a Pandora's Box. I am afraid, I do not know to how many people these facilities will be given.

MR. CHAIRMAN :

The question is:

> "That the Bill further to amend the Indian Medicine Central Council Act, 1970, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN : The House will now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 7 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 2 to 7 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI GHULAM NABI AZAD: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.